>

Title : Need to make stringent laws to prevent the incidents of fire in oil depots in the wake of fire accident at Indian Oil Depot in Jaipur.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति महोदय, मैं पूरे सदन और सरकार का ध्यान राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के डिपो में 29 अक्टूबर को जो आग लगी थी, उसकी ओर दिलाना चाहता हूं। इस अग्निकांड में बारह लोगों की जान गई और करीब डेढ़ सौ से अधिक लोग घायल हुए। अग्निकांड में करीब 12 हजार करोड़ लीटर ईंधन का नुकसान होने के साथ ही करोड़ों रुपये की लागत की सम्पत्ति का नुकसान भी हुआ है। उक्त डिपो औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा में स्थित है। इसलिए उसके आसपास जितनी भी इंडस्ट्रियल यूनिट्स स्थित हैं, उन सबको नुकसान हुआ है। इसके साथ-साथ उसके आसपास 11 कॉलेज भी स्थापित हैं। उन सबकी खिड़कियां टूट गई, किसी के दरवाजे टूट गए, लेबोरेटरी आदि सबमें नुकसान हुआ है। इस अग्निकांड के कारण कई दिनों तक आकाश में धुंआ फैलता रहा, प्रदूषण हुआ जिसके कारण आसपास रहने वाले लोगों का जीवन भी दूभर हो गया है। लोगों के स्वास्थ्य में खराबी आ रही है, सांस लेने में परेशानी हो रही है। औद्योगिक इकाइयां कई दिनों से बंद पड़ी हुई हैं। मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि सरकार ने मात्र 50 करोड़ रुपये की अंतरिम सहायता दी है जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है, वह कुछ भी नहीं है। सहायता का विशेष आकलन होना चाहिए और सहायता राशि को तुंत बढ़ाया जाना चाहिए।

दूसरा, मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि ऐसी घटना दुबारा नहीं हो, इसके लिए सरकार को पुख्ता प्रबंध करने चाहिए। धन्यवाद।